भर्ती हेतु सूचना
वरिष्ठ परामर्शदाता– सहयोग एवं समन्वय (एनवीएचसीपी)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- 'राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम' के कार्यान्वयन में सहयोग करने और विभिन्न स्तरों पर वार्षिक भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए **विशेषज्ञता के क्षेत्र में तकनीकी सहायता प्रदान करना।**

- कार्यक्रम प्रभागों से समन्वय एवं प्राप्त जानकारी शामिल करने, निरंतरता और तालमेल के लिए उनका विश्लेषण करने, घटकवार बजट की समीक्षा करने, मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने और संशोधनों के लिए यथाआवश्यक राज्यों को इनपुट प्रदान करने और राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में चर्चा करने के लिए अंतिम पीआईपी प्रस्तुत करने के माध्यम से आवंटित राज्यों की **कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना** (पीआईपी) राज्य पीआईपी के लिए जिम्मेदार।

- राज्य और जिला प्रयोगशालाओं में किए गए प्रयोगशाला परीक्षणों की रिपोर्टों को एनवीएचएमयू को **समय पर भेजना सुनिश्चित करना**;

- इस पहल के तहत जिला प्रयोगशालाओं और राज्य रेफरल प्रयोगशाला नेटवर्क के कामकाज की **नियमित निगरानी करना** और इसके लिए आईडीएसपी के साथ समन्वय करना;

- राज्यों और जिलों के अंदर **सर्वोत्तम पद्धतियों और नवाचारों का पता लगाना** और इन्हें नवाचार पोर्टल पर दर्ज करने और अपलोड करने में राज्यों का सहयोग करना।

- नियमित आधार पर पहल के घटकों पर **राज्य और राष्ट्रीय डेटा एकत्रित करना और उनका विश्लेषण करना**।

- स्वास्थ्य योजनाएं बनाने और योजनाओं की समीक्षा एवं सुधार के लिए जिला और राज्य स्तर पर **क्षमता निर्माण करना।**

- पहल के कार्यान्वयन के लिए अन्य मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अंतर एवं अंतर्मंत्रालय के साथ **सहयोग एवं समन्वय करना।**

- राज्यों में कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा करने, कार्यान्वयन की चुनौतियों का पता लगाने और राज्यों को उचित समाधान तैयार करने में सहयोग करने अथवा तकनीकी जानकारी हेतु राज्य या राष्ट्रीय स्तर के यथोचित संस्थाओं से संपर्क साधने के लिए राज्यों और जिलों के **आवधिक दौरे करना।**

- समन्वय कार्य और डेटा विश्लेषण में कनिष्ठ परामर्शदाताओं को **प्रशिक्षित / मार्गदर्शन** करना।

- स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के विषयगत क्षेत्रों के बारे में **तकनीकी जानकारी** उपलब्ध कराना।

- कार्यान्वयन में सुधार की जानकारी प्रदान करने के लिए फील्ड समीक्षा दौरों का विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना।

- अध्ययन / मूल्यांकन प्रोटोकॉल / दिशा निर्देश तैयार करना और आवश्यकतानुसार अनुसंधान अध्ययन करना और / या मार्गदर्शन करना।

- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

- साहित्य की समीक्षा करना और वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पहल के संबंध में स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने में मौजूदा चलन की अद्यतन जानकारी रखना।

पात्रता मापदंडः

अनिवार्य योग्यताएं एवं अनुभवः

I. भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा मान्यताप्राप्त एमबीबीएस उपाधि के साथ जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि।

II. न्यूनतम अनुभवः

स्नातकोत्तर उपाधि उपरांत किसी राष्ट्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन/सेवा प्रदायगी में न्यूनतम 3 वर्षों का सुसंगत अनुभव।

वांछनीय कौशल

- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का अनुभव।
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।

औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु सीमाः विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष तक।

पारिश्रमिकः 90,000–1,50,000/– रु. प्रति माह।
(योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।)

आवेदन करने के लिएः
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Nov-2019** तक केवल ncdc.mohfw@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।